आचार्य (डॉ.) अनिल कुमार राय
कुलपति

Professor (Dr.) Anil Kumar Rai
Vice-Chancellor

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.)

Pandit Deendayal Upadhyaya
Shekhawati University, Sikar (Raj.)

वेबसाईट : http://www.shekhauni.ac.in/
ई-मेल : vc.shekhauni@gmail.com
दूरभाष नं. : +91-92573-87478, 01572-232411

दिनांक : 16 अक्टूबर 2023

परिपत्र

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय परिवार में कुलपति के रूप में सम्मिलित होकर मुझे प्रसन्नता है और अपने दायित्व का भलीभाँति बोध है। यह विश्वविद्यालय न सिर्फ़ राजस्थान बल्कि भारत के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक बन सके इसके लिए आप सभी का सामूहिक प्रयास और सक्रिय सहयोग सदैव अपेक्षित है।

विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों के बीच प्रशासनिक और अकादमिक सामंजस्य बना रहे इसके लिए पारदर्शिता ज़रूरी है। मुझे आप सभी से अपेक्षा है कि एक दूसरे के प्रति विश्वास बनाए रखने और बढ़ाते रहने की दिशा में सदैव तत्पर रहेंगे। संस्था प्रमुख होने के नाते मुझे सभी संबंधितजन से यह भी अपेक्षा है कि किसी भी तरह का निर्णय लेने, किसी से भी पत्राचार करने तथा किसी भी तरह का भुगतान करने (चाहे वह पूर्व में अनुमोदित ही क्यों न हो) से पूर्व मेरे संज्ञान में अवश्य लाएँगे।

सहयोग और सद्भाव की अपेक्षा के साथ !

हस्ताक्षरित 16/X/2023

आचार्य (डॉ.) अनिल कुमार राय

कुलपति

प्रतिलिपि:

कुलसचिव
वित्त नियंत्रक
परीक्षा नियंत्रक
समस्त अधिकारी कर्मचारीगण -
वेबसाइट पर अपलोड
संबंधित पत्रावली